# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19

राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक कैलेण्डर के क्रम में दोनों ईकाईयों के नवीन सत्र् का आरंभ हरित राजस्थान सप्ताह 1–7 जुलाई के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुआ, कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय उद्यान एवं परिसर में पौधारोपण कर एक स्वयंसेवक एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने वाले स्वयसंवकों को पर्यावरण मित्र का दर्जा दिए जाने की प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा घोषणा की गई।

महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों से अगस्त माह के द्वितीय सप्ताह में राष्ट्रीय सेवा योजना में अपना योगदान देने हेतु नए स्वयंसेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र 16 अगस्त 2018 तक आमंत्रित किए गए। स्वयंसेवकों के चयन हेतु विद्यार्थियों की सामाजिक सरोकारिता, सेवा की भावना और समाज के लिए कुछ करने की इच्छा जैसे आधार निर्धारित किए गए, क्योंकि राष्ट्रीय सेवा योजना मैं नहीं तुम के सदवाक्य पर आधारित है। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों के स्वयंसेवकों ने मोक पार्लियामेण्ट में भाग लेने हेतु संकल्प से सिद्धि के विभिन्न विषयों जैसे स्वच्छता, निर्धनता, भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवम् राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रदायवाद, जातिवाद, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण एवं फलैगशिप कार्यक्रम की श्रंखला में डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, इंद्रधनुष व आयुष्मान भारत, नमामि गंगे जैसे प्रमुख विषयों को तैयार किया, ताकि उनका चयन जिला स्तर व राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में चयन हो सके। सत्र् 2018–19 से पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुदान के वितरण को आरंभ किया गया।

दोनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने 14 सितंबर, 2018 को हिंदी दिवस के अवसर पर युवा विकास केन्द्र व हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित भाषा व साहित्य विषय पर आयोजित विचारगोष्ठी में भाग लिया। इस पर अवसर पर नवप्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम 15 सितंबर को आयोजित करने की घोषणा की गई। 15 सितंबर, 2018 को आयोजित आमुखीकरण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम एवं जिला समन्वयक नरेन्द्र गुप्ता ने नवपंजीकृत स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने पॉवर पाइंट प्रजेण्टेशन के माध्ययम से स्वयंसेवकों को पर्यावरण, समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करने को कहा। महाविद्यालय प्राचार्य ने एनएसएस की व्यक्तित्व निर्माण में भूमिका को इंगित किया। पूर्व स्वयंसेवकों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया।

23 सितंबर, 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एकदिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। 24 सितंबर, को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. साहू ने स्वयंसेवकों को देश, समाज एवं मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। डॉ. अनिता राज ने स्वयंसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से अवगत करवाया और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी। 26 सितंबर, 2018 से राजस्थान सरकार की जागृत पत्रिका वितरण स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के मध्य किया गया। राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता हेतु अनिवार्य शपथ का आयोजन 31 अक्टूबर, 2018 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व स्वयंसेवकों व अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया और राष्ट्रीय एकता व अखण्डता में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन 16 नवंबर, 2018 को किया गया। द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार हुआ, जिसके अन्तर्गत स्वीप 2018 कार्यक्रम का आयोजन आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए किया गया। एकदिवसीय शिविर में  मतदान जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया जिला प्रशासन एवं एनएसएस के तत्वावधान में संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया स्थानीय महाविद्यालय में सप्ताहभर चलने वाले स्वीप कार्यक्रम 2018 में युवा मतदाताओं को वीवीपेट व ईवीएम मशीन का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। वोटर लिटरेसी क्लब एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा राजमार्ग पर लोगों को मतदान का संदेश दिया। 16 दिसंबर, 2018 राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों के तृतीय एकदिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया और समाज व राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया गया। 7 दिवसीय स्वीप कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. कमल नाहर की अध्यक्षता में हुई मतदाता जागरूकता कार्यशाला से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के पंजीकृत स्वयंसेवकों का सातदिवसीय शिविर 20 दिसंबर, 2018 से आयोजित किया गया। सेवा संकल्प के साथ शुरू हुए सातदिवसीय शिविर के प्रथम दिवस एनएसएस के उद्देश्यों एवं कार्यों से स्वयंसेवकों को अवगत करवाया गया और सेवा भावना को अपने व्यक्तित्व में आत्मसात करने की बात की गई। द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने सेवा की भावना से महाविद्यालय परिसर की सार संभाल करते हुए राष्ट्रबोध, राष्ट्र एकता एवं राष्ट्र के प्रति समाज सेवा विषय पर काव्य–पाठ, कहानी वाचन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ एवं प्रथम दिन का प्रतिवेदन स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सातदिवसीय शिविर के तृतीय दिवस पर सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. महेन्द्र एवं चित्रलेखा ने स्वास्थ्य धारणा पर अपने विचार रखे और उत्तम स्वास्थ्य एवं उसकी देखभाल के बारे में बताया। चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवकों ने गोद ली हुई बस्ती इशाकपुरा में छोटे बच्चों के साथ नुक्कड़ नाटक एवं रैली निकालकर प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर वरूण, बुध दल ने सामाजिक, आर्थिक व स्वच्छता से संबंधित सर्वे कार्य भी किया। पंचम दिवस को कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र सहरा के नेतृत्व में राष्ट्र, राष्ट्रीयता व राष्ट्र बोध से संबंधित निबंध प्रतियोगिता व सामाजिक कुरीतियों पर चेतना जागृत करने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सातदिवसीय शिविर के अंतिम दिन गत दिन के प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान कर एनएसएस के मंच से अपने अनुभवों को साझा किया गया। जनवरी 2019 में युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी को हुआ, स्वयंसेवकों ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर अपनी उपस्थिति दी।




दैनिक भास्कर 16/9/2018

**कार्यशाला में बताया सेवा का महत्व**

निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के स्वयं सेवकों का शनिवार को आमुखीकरण कार्यक्रम हुआ। जिला समन्वयक डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने सेवा योजना के उद्देश्य बताए। प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम अधिकारी जेएल टेलर ने स्वागत किया। छात्रसंघ अध्यक्ष रोमिल चौधरी एवं महासचिव नरेंद्र प्रजापत ने भी विचार व्यक्त किए। पूर्व स्वयंसेवक पीयूष टांक ने अनुभव साझा किए। प्रो. भरत वैष्णव, डॉ. देवाराम, डॉ. हेमलता मीणा, राजेंद्रकुमार सिंघवी, डॉ. अनिता राज, सोहनलाल मेघवाल, मुस्कान नामदेव, खुशबू पालीवाल आदि उपस्थित थे।

आमुखीकरण कार्यक्रम



डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महावि

निम्बाहेड़ा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

डॉ. देवाराम
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई प्रथम

राष्ट्रीय सेवा योजना

Mobile :
E-mail : dev.bhadra

क्रमांक.... दिनांक..22/

प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन

समस्त स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 23/9/2018 को प्रथम एकदिवसीय शिवि आयोजन किया जा रहा है। स्वयंसेवकों को निर्दे किया जाता है कि दि. 23/9/2018 को प्रातः 9.00 ब महाविद्यालय प्रांगण में उपस्थित होवें।

(डॉ. देवा राम)
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.-इकाई प्रथम

(प्रो. जे.एल. टेलर)
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.-इकाई द्वितीय

प्रथम एकदिवसीय शिविर



डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

निम्बाहेड़ा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रो. जे. एल. टेलर
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई द्वितीय

राष्ट्रीय सेवा योजना

Mobile : 9460729922
E-mail : jl.tailor.jl@gmail.com

क्रमांक...... दिनांक......

नवज्योति

मतदाता जागरूकता अभियान सप्ताह आज से

कॉलेज में शुरू होगा मतदाता जागरूकता सप्ताह


मतदाता जागरूकता सप्ताह



चित्तौड़गढ़ नवज्योति

रैली में दिया मतदान का संदे

स्वयंसेवकों द्वारा मतदान जागरूकता के संबंध में रैली का आयोजन।





## कॉलेज में सात दिवसीय स्वीप कार्यक्रम का समापन

निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय स्वीप कार्यक्रम का शनिवार को प्राचार्य डॉ. कमल नाहर की उपस्थिति में रासेयो की मतदाता जागरूकता कार्यशाला के साथ समापन हुआ। प्राचार्य नाहर ने स्वयं सेवकों से गांवों में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। प्रो. भगवान साहू ने भी विचार व्यक्त किए। अंतिम सत्र में महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई कर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए 7 दिसंबर को मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र सिंह सेहरा, डॉ. शिल्पा नागौरी, डॉ. हेमलता मीणा, डॉ. हस्तीमल कोठारी, डॉ. देवाराम, डॉ. सुभाष यादव, प्रो राकेश कुमार, रीना सालोदिया, सीमा विजय सहित स्वयंसेवक मौजूद थे।





## सेवा संकल्प के साथ एनएसएस का शिविर शुरू

शिविर के शुभारम्भ अवसर पर संबोधित करते प्राचार्य डॉ नाहर।

निम्बाहेड़ा। राजकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सेवा के संकल्प के साथ शुरू हुआ।

शिविर का उदघाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों में समाज एवं देश के लिए सहयोग की भावना होना जरुरी है क्योंकि युवा वर्ग देश के निर्माण का आधार है। विशेष शिविर की उपयोगिता पर बोलते हुए प्रो. भगवान साहू ने छात्रों को छात्र जीवन में अच्छाईयों को अपनाने की बात कही। शिविर के उद्देश्यों पर स्वयं सेवक रुखामा खान ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम की शुरूआत में खुशबु, नेहा, प्राचि एवं सादिया खानम ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. हस्तीमल कोठारी, जमनालाल टेलर, डॉ. देवाराम, डॉ.राजेन्द्र कुमार सिंघवी, डॉ. हेमलता मीणा, अन्य सभी संकाय सदस्य, छात्रसंघ अध्यक्ष रोमिल चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहें। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागोरी ने किया तथा योगेन्द्र सिंह सेहरा ने धन्यवाद दिया।

## शिविर में कहानी वाचन व काव्यपाठ

## शिविर के दूसरे दिन हुए विभिन्न कार्यक्रम

सात दिवसीय शिविर का आरंभ





## व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित

निंबाहेड़ा. कार्यशाला में उपस्थित रासेयो के स्वयं सेवक।

भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन शनिवार को डॉ. महेन्द्र शर्मा एवं डॉ. चित्रलेखा शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. कमल नाहर की अध्यक्षता में सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। स्वयं सेवक खुशबू पालीवाल के संयोजन में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर डॉ. चित्रलेखा ने जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागौरी ने बताया कि द्वितीय सत्र में स्वयं सेवकों एवं युवाओं की भूमिका पर आधारित आशुभाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. सुभाष यादव, प्रो. राकेश कुमार निर्णायक रहे। तृतीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. योगेन्द्र सेहरा के नेतृत्व में परिसर सौंदर्यीकरण के लिए श्रमदान किया।

## नुक्कड़ नाटक से दिए प्रेरक स…

निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय की … सेवा योजना इकाई के चौथे दिन रवि… प्रो. भगवान साहू एवं डॉ. देवाराम के … में स्वयंसेवकों द्वारा गोद ली गई बस्ती … पुरा में छोटे बच्चों के साथ नुक्कड़ … रैली निकालकर प्रेरक संदेश दिए … सर्वे किया गया। वरूण व बुध दल के … सेवकों ने सामाजिक, आर्थिक व स्वच्छ… संबंधित सर्वे किए। कार्यक्रम अधिका… शिल्पा नागौरी के नेतृत्व में विभिन्न खे… सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर … किया गया। तृतीय सत्र में कार्यक्रम अ… योगेन्द्र सिंह सेहरा के नेतृत्व में विधिक स… सेवा के तहत शिविर आयोजित किया ग…

## सेवा योजना शिविर के 5वें दिन हुए कई कार्यक्रम

भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा

महाविद्यालय में रासेयो के विशेष सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने उपस्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र सिंह सेहरा के नेतृत्व में राष्ट्र, राष्ट्रीयता व राष्ट्र बोध से संबंधित निबंध प्रतियोगिता एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर चेतना जागृत करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। तृतीय सत्र में डॉ. शिल्पा नागौरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

निम्बाहेड़ा। कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं मंचासीन अतिथिगण।

## शिविर में स्वास्थ्य को लेकर दिए टिप्स

निम्बाहेड़ा। स्थानीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सप्त दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस डॉ. महेन्द्र शर्मा एवं डॉ. चित्रलेखा शर्मा ने सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कमल नाहर ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागोरी ने बताया कि स्वयं सेवक खुशबु पालीवाल के संयोजन में आयोजित कार्यशाला में स्वयं सेविकाओ ने स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं पर डॉ. चित्रलेखा शर्मा से सविस्तार चर्चा की। द्वितीय सत्र में डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. सुभाष यादव, प्रो. राकेश कुमार के मुख्य निर्णायक में राष्ट्र निर्माण में स्वयं सेवकों एवं युवाओं की भूमिका पर आधारित आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। तृतीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. योगेन्द्र सेहरा के नेतृत्व में परिसर सौन्दर्यीकरण हेतु श्रमदान का कार्य किया।

## रासेयो के सात दिवसीय शिविर का स…

निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में चल रहे रासेयो शिविर के अंतिम दिन बुधवार को प्रो. भगवान साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम की उपस्थिति में सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन पेश कर स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया।

डॉ. शिल्पा नागौरी … कार्यक्रमों और उसके म… डाला व पुरस्कार वित… योगेन्द्र सिंह सेहरा ने भी… का प्रतिवेदन पेश किया।

सत दिवसीय शिविर का समापन

कार्यक्रम अधिकारी